दैनिक भास्कर 13
इंदौर, मंगलवार. 14 अक्टूबर, 2014

वाइल्ड लाइफ क्राइम के खिलाफ फ्री लैंड्स संस्था और पीआरटीएस देगी ट्रेनिंग

भास्कर संवाददाता | इंदौर

लगातार बढ़ रहे वाइल्ड लाइफ क्राइम (वन्य प्राणियों से जुड़े अपराध) को देखते हुए अब प्रदेश के पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय एक्सपर्ट्स ट्रेनिंग देंगे। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम अंतरराष्ट्रीय संस्था फ्री लैंड्स और पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) द्वारा मिलकर आयोजित किया जा रहा है।

पीआरटीएस के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने बताया पीआरटीएस द्वारा इससे पहले भी वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के साथ वाइल्ड लाइफ क्राइम के खिलाफ ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया गया था। फ्री लैंड्स संस्था ने हमसे संपर्क कर इस ट्रेनिंग को आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था, जिसके तहत 15 से 18 अक्टूबर तक ये ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया ट्रेनिंग में प्रदेश के 35 पुलिस अफसर और वन विभाग के 10 अधिकारी आएंगे। ये वे अधिकारी होंगे जो प्रदेश में नेशनल पार्क या वन्य अभयारण्य के आसपास तैनात रहते हैं। उद्घाटन पीआरटीएस भवन में बुधवार सुबह 10 बजे होगा।

डेमो देकर बताएंगे कैसे पकड़ें वन्य अपराध

अधिकारियों को ट्रेनिंग देने के लिए फ्री लैंड्स संस्था के आस्ट्रेलिया, थाईलैंड और भारत के कुल पांच एक्सपर्ट यहां आएंगे। ये एक्सपर्ट्स अधिकारियों को वाइल्ड लाइफ क्राइम से जुड़ा सूचना संकलन, जांच, वाइल्ड लाइफ एक्ट, जब्ती, जांच के लिए सामग्री को भेजने जैसी प्रमुख बातों की जानकारी देंगे। इसके साथ ही वे प्रेक्टिकल ट्रेनिंग के तहत छापा मारने का डेमो भी देंगे।